भारत और नीदरलैंड के बीच सशक्त, सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक संबंध हैं: लोक सभा अध्यक्ष

*

भारतीय समुदाय नीदरलैंड में विकास और समृद्धि में योगदान दे रहा है: लोक सभा अध्यक्ष

*

लोक सभा अध्यक्ष 65वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन के लिए कनाडा की अपनी यात्रा के पहले चरण में नीदरलैंड पहुंचे

नई दिल्ली/द हेग; 21/22 अगस्त, 2022: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला, जो कनाडा के हैलिफ़ैक्स में हो रहे 65वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं, यात्रा के पहले चरण में नीदरलैंड पहुंचे।

इस अवसर पर श्री बिरला ने नीदरलैंड की सीनेट के अध्यक्ष महामहिम प्रो. (डॉ.) जान एंथोनी ब्रुजन से भेंट की। दोनों नेताओं ने संसदीय सहयोग बढ़ाने और भारत और नीदरलैंड के बीच आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों के विस्तार तथा पारस्परिक हित के कई अन्य मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

श्री बिरला ने सूरीनाम-भारतीय समुदाय के सदस्यों को भी संबोधित किया। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि भारत और नीदरलैंड के बीच सशक्त राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक संबंध हैं। नीदरलैंड में भारतीय डायस्पोरा के योगदान का उल्लेख करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि नीदरलैंड में भारतीय समुदाय अपने समर्पण, कार्यकुशलता और व्यावसायिकता के माध्यम से अर्थव्यवस्था और समाज को मजबूत कर रहा है। श्री बिरला ने कहा कि प्रवासी भारतीय समुदाय ऐतिहासिक रूप से दोनो देशों के बीच एक सेतु का कार्य कर रहा हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि उनकी यह यात्रा भारत और नीदरलैंड के बीच घनिष्ठ और सौहार्दपूर्ण संबंधों को और सशक्त करने में कारगर सिद्ध होगी।

तत्पश्चात, इंडिया हाउस में भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित रात्रिभोज में श्री बिरला ने दुनिया में भारत के बढ़ते सम्मान पर प्रकाश डाला। उन्होंने भारत में सामाजिक-आर्थिक प्रगति और स्टार्ट-अप और नवाचार की प्रासंगिकता का उल्लेख किया। श्री बिरला ने प्रवासी भारतीयों से भारत की विकास गाथा का लाभ उठाने का आग्रह किया।

इससे पहले, श्री बिरला दा हेग स्थित सेवा धाम हिंदू केंद्र गए और पूजा-अर्चना की। उन्होंने श्रद्धा के प्रतीक के रूप में सेवा धाम हिंदू केंद्र में मंदिर को एक गणेश प्रतिमा भी भेंट की।

प्रतिनिधिमंडल आज टोरंटो कनाडा से हैलिफ़ैक्स के लिए रवाना हुआ।